हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 30 दिसंबर 2023

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 28 डिग्री

न्यूनतम 16 डिग्री


09 ग्रामीणों के तेवर देख सरपंच-सचिव ने मेटों को बर्खास्त करने...





10 भले ही मेरी योग्यता में कमी हो पर मेरे प्रयास में...




## खबर संक्षेप

### ठंड से मिलेगी राहत, तापमान बढ़ेगा

**धमतरी।** आगामी दिनों में ठंड से राहत मिलने की खबर है। न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की वृद्धि हो सकती है। उल्लेखनीय है कि 22 दिसंबर के आसपास न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे आ गया था। कुछ दिन कड़ाके की ठंड पड़ने के बाद न्यूनतम तापमान में वृद्धि हो रही है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री पर आ गया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अगले 3 दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की वृद्धि होगी। मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। प्रातःकाल हल्का कुहासा रह सकता है।

### कालेज की सेमेस्टर परीक्षाएं प्रारंभ

**धमतरी।** पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की सेमेस्टर परीक्षाएं 29 दिसंबर से प्रारंभ हो रही हैं। 29 दिसंबर को एलएलबी प्रथम सेमेस्टर मुख्य, भूतपूर्व, एटीकेटी, एलएलबी भाग तीन प्रथम सेमेस्टर मुख्य, भूतपूर्व, एटीकेटी, एमकॉम तृतीय सेमेस्टर एवं बीबीए की परीक्षाएं आयोजित होंगी। परीक्षाएं प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगी।

### भैंसमुंडी में मड़ई मेला 5 को, रिच्छिन माता आयेंगी

**मगरलोड।** नगर पंचायत मगरलोड अंतर्गत भैंसमुंडी में नगरवासियों तथा ग्राम विकास समिति के तत्वावधान में 5 जनवरी शुक्रवार को मड़ईभाठा मैदान में मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। इस दौरान करेली छोटी से रिच्छिन माता का आगमन भी होगा। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी भानपुरी धमतरी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी घनश्याम साहू ग्रामीण अध्यक्ष व दाऊलाल साहू महासचिव ग्राम विकास समिति ने दी है।

### आज जिले में लगेंगे संकल्प शिविर

**धमतरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 30 दिसम्बर को जिले के चारों विकासखण्डों में संकल्प शिविर लगाये जायेंगे। धमतरी विकासखण्ड के देवरी, झुरानवागांव, कुरूद विकासखण्ड के भाठागांव, बंजारी, कुर्रा, राखी, मगरलोड विकासखण्ड के शुक्लाभाठा, गाड़ाडीह और नगरी विकासखण्ड के कांटाकुर्रीडीह, गढ़डोंगरी आर, कुकरेल तथा बेलरगांव में संकल्प शिविर आयोजित किये जायेंगे। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने लोगों से आधार कार्ड का पंजीयन, प्रधान मंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड का पंजीयन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, स्वास्थ्य जांच लाभ, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और पेंशन योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 3 को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्व रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 3 जनवरी को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जायेगा। उप संचालक पुष्पा चौधरी ने बताया कि कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के कक्ष क्रमांक 45 में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 938 पदों पर भर्ती के लिये साक्षात्कार लिया जायेगा। ऐसे आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता पांचवीं, दसवीं, बारहवीं, स्नातक, आईटी, एमबीए एवं कम्प्यूटर (टैली) पास हो, साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। आवेदकों को सभी शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, निवास, जाति, रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र और दो पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ नियत तिथि को उपस्थित होने कहा गया है।

## खनिज विभाग ने 8 हाइवा को अवैध परिवहन के मामले में किया जब्त

# नहीं थम रहा रेत का काला कारोबार

**वित्तीय वर्ष में 100 से अधिक प्रकरणों में 45 लाख का अर्थदंड**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले की महानदी से रेत का अवैध उत्खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार की रात अवैध रेत परिवहन कर रहे सात हाइवा को माईनिंग विभाग ने जब्त किया है। बताया जा रहा है कि सभी हाइवा भरारी के रेत भंडारण के नाम से सारंगपुरी की नदी से रेत की अवैध लोडिंग कराकर ला रहे थे। सरकार बदलने के बाद भी रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि महानदी में जहां-तहां चैन माउंटेन मशीन घुसाकर रेत का अवैध कारोबार कर रहे हैं। वहीं अमेठी, तेंदूकोन्हा में ट्रेक्टरों से 300 से 500 रूपये लेकर रेत की खुलेआम चोरी करा रहे हैं।

पर्यावरण नियमों के उल्लंघन को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सभी रेत खदानों पर बैन लगा गया है। सिर्फ रेत भंडारणों से रेत परिवहन की अनुमति है। खनिज विभाग नदियों से रेत उत्खनन एवं परिवहन पर लगातार कार्रवाई कर रहा है। बावजूद रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सारंगपुरी स्थित महानदी में रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन किए जाने की सूचना खनिज विभाग को मिली। सूचना पर माईनिंग अमला अलर्ट हो गया और अवैध परिवहन कर रहे 7 हाइवा को जब्त कर जिला कार्यालय में खड़ा कराया है।

खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा रेत के अवैध परिवहन, उत्खनन एवं भंडारण पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए नगरीय निकाय सहित ग्रामीण क्षेत्र में खनिज अमलों की तैनाती कर नियमित कार्रवाई की जा रही है। गौण खनिज रेत रायल्टी की चोरी की रोकथाम की कार्रवाई में अवैध परिवहन कर रहे 7 हाइवा को जब्त कर जिला कार्यालय में खड़ा किया गया है।



### नियमित हो रही कार्रवाई

खनिज अधिकारी बजरंग पैकरा ने बताया कि विभागीय अमले द्वारा नियमित कार्रवाई की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अवैध परिवहन के 98 प्रकरणों में 30 लाख 80 हजार 433 रूपये अर्थदंड वसूला गया है। वहीं खदान एवं भंडारण में अनियमितता पाए जाने पर 4 प्रकरणों में 14 लाख 75 हजार 528 रूपये का अर्थदंड वसूला गया है। उक्त प्रकरणों में वाहनों को जब्त कर छग गौण खनिज अधिनियमों के तहत कार्रवाई की गई है।

### कौन है ट्रेक्टरों से वसूली करने वाला?

अवैध परिवहन के मामले में खनिज विभाग हाइवा वाहनों पर खूब कार्रवाई कर रहा है लेकिन ट्रेक्टरों से रेत का अवैध परिवहन बेधड़क जारी है। रेत सप्लायर दीपांशु देवांगन, राहुल झा ने बताया है कि वर्षाकाल के पहले अमेठी रेत खदान में प्रति ट्रेक्टर रेत का 100 रूपये तथा तेंदूकोन्हा से प्रति ट्रेक्टर 200 रूपये लिया जाता था। इसके बाद वर्षाकाल में नदी से रेत लोडिंग करने पर 200 रूपये तथा तेंदूकोन्हा में 300 रूपये लिया जाता था। अब सरकार बदलने के बाद अमेठी में एक ट्रेक्टर रेत का 300 रूपये तथा तेंदूकोन्हा में 500 रूपये प्रति ट्रेक्टर लिया जाता है। उन्होंने बताया कि रेत की लोडिंग सप्लायर के मजदूर करते हैं। किसी प्रकार की कोई रायल्टी वसूली कर्ताओं द्वारा नहीं दी जाती। रेत निकासी वाले रास्तों मे वसूलीकर्ता के लोग मौजूद रहते हैं। निर्धारित रकम देने पर ट्रेक्टरों को निकलने दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि शहर में 100 ट्रेक्टर ऐसे हैं जो दिनभर रेत सप्लाई में लगे रहते हैं। रोज प्रति ट्रेक्टर 5 से 7 ट्रीप रेत का परिवहन करते हैं। शासन-प्रशासन की नाक के नीचे रोज लाखों रूपये की वसूली हो रही है।

## 9 हजार की पुड़िया बनाकर बेचने निकले थे आरोपी

# 60 हजार की हेरोईन के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महंगा मादक पदार्थ हेरोईन (चिट्टा) को बेचने के लिये निकले दो युवकों को पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से लगभग 60 हजार का हेरोईन बरामद किया है।

महानगरों में फैले महंगे नशीले पदार्थ हेरोईन को लोग फिल्मों के माध्यम से जानते हैं लेकिन अब यह मादक पदार्थ धमतरी तक पहुंच गया है। नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त युवकों को रंगेहाथ पकड़ने में पुलिस टीम ने सफलता पाई है। संभवतः धमतरी का यह पहला मामला है। शुक्रवार को जनसंवाद कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में डीएसपी मुख्यालय नेहा पवार ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम मादक पदार्थ की खरीदी-बिक्री करने वाले आरोपियों की तलाश में जुटी थी। शहर की पेट्रोलिंग पर निकली टीम को शुक्रवार को मुखबिर ने अधारी नवागांव एफसीआई गोदाम के पास दो युवकों द्वारा अवैध रूप से मादक पदार्थ हेरोईन (चिट्टा) की बिक्री किये जाने की सूचना दी। पुलिस ने तत्काल पहुंचकर घेराबंदी की। मौके से दो संदेही युवकों को पकड़कर पूछताछ की। इस दौरान एक युवक ने अपना नाम तौहिद अली व दूसरे ने शेख मोईन धमतरी बताया। तलाशी में आरोपियों के कब्जे से पॉलीथिन में भरा मादक पदार्थ हेरोईन कुल वजन 5.14 ग्राम कीमत 60 हजार 400 रूपये जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी तौहिद अली पिता सादिक अली उम्र 28 वर्ष रिसाईपारा व शेख मोईन पिता शेख मकसूद उम्र 28 वर्ष रामसागर पारा आमातालाब रोड निवासी को एनडीपीएस एक्ट 21(ख) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है। प्रेसवार्ता में कोतवाली निरीक्षक बृजेश तिवारी एवं साइबर सेल प्रभारी एसआई रमेश साहू उपस्थित थे।

- साइबर सेल व कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई



### आरोपियों से मिले ये सामान

डीएसपी ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से पॉलीथिन के अंदर छोटी-छोटी झिल्ली में बंधी 9 नग हेरोईन की पुड़िया वजन 1.43 ग्राम कीमत 9 हजार, 1 नग बैटरी चलित स्मॉल तौल मशीन, एक नग बायटर, सिल्वर पेपर, बिक्री रकम 2 हजार, एक स्कूटी बरामद की गई है। इस मामले में संलिप्त एक आरोपी अंबेडकर चौक में कार श्रृंगार की दुकान चलाता है तो दूसरा एसी मैकेनिक का काम करता है।

### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

आरोपियों को गिरफ्तार करने में कोतवाली प्रभारी बृजेश तिवारी, साइबर प्रभारी रमेश साहू, कोतवाली से एएसआई अनिल यदु, रमेश साहू, साइबर सेल से प्र.आ. देवेन्द्र राजपूत, आरक्षक धीरज डड़सेना, मुकेश मिश्रा, कृष्णा पाटिल, आनंद कटकवार, योगेश ध्रुव, मनोज साहू, फनेश साहू, अनुराग पाण्डेय व महेश्वर ध्रुव का सराहनीय योगदान रहा।

# जिले में अब तक 3 लाख 15 हजार 991 मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत लगातार धान खरीदी की जा रही है।

जिला खाद्य अधिकारी बसंत कोर्राम ने बताया कि जिले में कुल एक लाख 24 हजार 976 किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। अब तक 81 हजार 148 किसानों द्वारा कुल 3 लाख 15 हजार 991 मीट्रिक टन धान विक्रय किया गया है जिसकी कुल राशि 6 अरब 91 करोड़ 50 लाख 56 हजार 242 रूपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 2 लाख 74 हजार 917 मीट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 2 लाख 27 हजार 273 मीट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 88 हजार 717 मीट्रिक टन धान शेष है। खाद्य अधिकारी ने यह भी बताया कि आगामी खरीदी दिवस हेतु 3 हजार 916 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 12 हजार 623 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

## नववर्ष के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए पुलिस अलर्ट

# 31 दिसंबर की रात्रि 10 बजे बंद हो जाएगा डीजे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नव वर्ष को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने व व 31 दिसंबर की देर रात्रि तक तेज आवाज में बजने वाले डीजे पर अंकुश लगाने पुलिस ने रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बंद करने कहा है।

वर्ष 2023 की एक दिन बाद विदाई हो जाएगी, वहीं वर्ष 2024 नववर्ष का स्वागत किया जाएगा। युवा वर्ग अपने-अपने तरीके से पुराने साल की विदाई व नए साल का स्वागत करते हैं। वर्ष के अंतिम दिवस की रात्रि 31 दिसंबर को शहर व ग्रामीण अंचल के चौक- चौराहों पर युवक डीजे की धुन पर झूमते रहते हैं। देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजने के कारण कई लोगों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। वहीं कोलाहल अधिनियम का भी उल्लंघन होता है। इसे देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में डीएसपी नेहा पवार व कोतवाली निरीक्षक बृजेश तिवारी ने शहर के डीजे संचालकों की बैठक ली। इस दौरान सभी डीजे संचालकों को साउंड सिस्टम का उपयोग निर्धारित डेसीबल से ज्यादा आवाज में नहीं करने एवं उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार ध्वनि यंत्र का उपयोग रात्रि 10 बजे तक करने को कहा है। नियम का उल्लंघन करते पाए जाने पर कोलाहल अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई किए जाने की हिदायत दी गई।

बैठक में डीएसपी नेहा पवार, कोतवारी निरीक्षक बृजेश तिवारी एवं डीजे संचालक संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।



# दस साल बाद भी अस्तित्व में नहीं आया राजस्व ग्राम

- सन 2014 में जिले के 109 वन ग्रामों को राजस्व गांव बनाने की हुई थी घोषणा
- पांच चरणों में होती है प्रक्रिया, 75 गांव में प्रक्रिया पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दस साल पूर्व घोषित जिले के 109 वन ग्राम आज भी राजस्व ग्राम बनने के लिए तरस रहे हैं। राजस्व ग्राम का लाभ नहीं मिलने से सालों से पीड़ित न्याय के लिए कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। इस मसले को कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने तुहंर द्वार तुहंर प्रशासन की तर्ज पर राजस्व टीम का गठन कर राजस्व गांव को अस्तित्व में लाने की बड़ी पहल की है। 75 गांवों में राजस्व टीम ने पहुंचकर भू -अभिलेख का कार्य कम्पलीट कर लिया है। 12 गांव में कार्य प्रगति पर है, जबकि गांवों में शासन द्वारा कार्य एजेंसी नियुक्त नहीं किया गया है।

घोषित राजस्व ग्राम केकराखोली के निवासी राजकुमार ध्रुव, सुबेलाल ने बताया कि 10 साल पहले 2014 में शासन ने केकराखोली को वनग्राम से राजस्व ग्राम बनाने की घोषणा की थी। इस घोषणा से गांव के लोग काफी उत्साहित थे कि अब वे फसलों को समर्थन मूल्य पर बेच सकेंगे। लोगों द्वारा काबिज जमीन का सीमांकन तथा पट्टा मिलने से आपसी जमीन विवाद समाप्त होगा। वन अधिकार पट्टा मिलने से उनके कई हितकारी काम होंगे, लेकिन 10 साल बीतने को है, आज तक उन्होंने राजस्व ग्राम का लाभ नहीं मिल पाया है।

राजस्व निरीक्षक दीपचंद भारती ने बताया कि 109 वनग्रामों में से 75 गांवों में राजस्व टीम ने पहुंचकर गांव का सीमांकन किया। लोगों की काबिज जमीनों की नापजोख कर बी वन, खसरा आदि सारे काम कम्पलीट किये जा चुके हैं। भुंईया साफ्टवेयर में अपलोड हो चुका है। वहीं 12 गांवों में यह कार्य जारी है। जबकि 22 गांव में शासन ने कार्य एजेंसी नियुक्त नहीं किया है। उन्होंने बताया कि पूर्ण बंदोबस्त राजस्व गांव बनने में 3 से 4 साल का समय लग जाता है। राजस्व का प्रशिक्षित अमला द्वारा जीपीएस सेटेलाइट एमेजिंग सिस्टम के माध्यम से सीमा का निर्धारण, भूखंडों को विभाजित, सर्वे, रकबा बटारी किया जाता है। शासकीय एवं निजी संपत्ति अधिकार अभिलेख तैयार कर प्रकाशन किया जाता है। दावा आपत्ति का निराकरण, राजस्व अभिलेख नकल, खसरा, बी वन, निस्तार पत्रक, इस तरह से वाजिब कुल पांच चरणों में गांव बनाने की प्रक्रिया होती है।



फाइल फोटो

### यहां कार्य एजेंसी नियुक्त नहीं

जिले के ब्लाक नगरी में 17 वन ग्राम ऐसे हैं जहां शासन ने कार्य एजेंसी नियुक्त नहीं किया है। इन गांवों में जामपानी, बोईरगांव, सेलबहरा, बेंद्रापानी, चटर्रीबहरा, बेंदवापथरा, कोरामुड़ा, सिंघोलपारा, पलारीखार, खरखाभर्री, लट्टीडेरा, सारंगपुरी, भाटखार, चंदनपुर, कुकरीकोंहा, गेंदाभर्री, धौराभाठा तथा मगरलोड ब्लाक के पांच गांव घोटियादादर, बासीखाई, सिरकट्टा, राउतमुड़ा, केकराखोली शामिल हैं।

### 50 साल से लंबित मामलों का निराकरण : मरकाम

अपर कलेक्टर श्री मरकाम ने बताया कि कलेक्टर श्री रघुवंशी ने वनग्रामों को राजस्व ग्राम बनाने को गंभीरता से लिया है। नारायणपुर में कलेक्टर रहने के दौरान इस मसले से गुजर रहे लोगों की पीड़ा अच्छी तरह से समझी है। तुंहर द्वार तुंहर प्रशासन की तर्ज पर राजस्व टीम गठित की। अपर कलेक्टर के मार्गदर्शन में भू-अभिलेख अधीक्षक, सहा.अधीक्षक, आरआई, पटवारी, चैनमेन, कोटवार तथा वन विभाग का अमला रहता है। टीम ने दो जिला धमतरी, कांकेर के गांव मोंगरागहन, हल्बा का 50 साल से लंबित सीमा विवाद सहित 25 आवेदनों का निराकरण किया है। 75 गांवों में कार्य कम्पलीट हो चुका है। 12 गांव का कार्य दो माह में कम्पलीट करने का टारगेट है।

### मोटे अनाज से पकवान बनाने का मिलेगा प्रशिक्षण

**धमतरी।** जिले के युवाओं को लघु अवधि का प्रशिक्षण देकर आजीविका के साधन उपलब्ध कराते हुए तैयार किये गये उत्पाद को बाजार की गतिविधियों से जोड़कर स्वरोजगार स्थापित कराने के उद्देश्य से आजीविका विकास कार्यक्रम शुरू किया गया है। सहायक परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि कार्यक्रम के तहत इच्छुक युवाओं को मोटे अनाज (मिलेट्स) से विविध पकवान निर्माण का 15 दिन का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिये अधिकतम आयु की बाध्यता नहीं हैं और न ही न्यूनतम एवं अधिकतम शैक्षणिक योग्यता की बाध्यता है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के इच्छुक आवेदक 5 जनवरी तक सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में आवेदन जमा कर सकते हैं।

## ई-केवायसी के बिना गैस सिलेंडर नहीं मिलने की उड़ रही अफवाह

# गैस कनेक्शन का ई-केवायसी कराने लगी लोगों की लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गैस कनेक्शन का ई-केवायसी कराने के लिए कोई अंतिम तिथि इंगित नहीं होने के बाद भी लोग गैस एजेंसी में गैस का ई-केवायसी कराने पहुंच रहे हैं। इससे गैस एजेंसी कार्यालय में भारी भीड़ बढ़ गई है। भीड़ के कारण एजेंसी संचालक के साथ उपभोक्ता भी परेशान है।

विदित हो कि गैस कंपनियों द्वारा ई-केवायसी कराये जाने का आदेश जारी होने के बाद सभी कंपनी की गैस एजेंसियों में लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई है। गैस में रियायती की घोषणा के बाद लोग अपना ई-केवायसी कराने कार्यालय पहुंच रहे हैं।

इधर खाद्य निरीक्षक नरेश पिपरे ने बताया कि शासन-प्रशासन की ओर से गैस कनेक्शन का ई-केवायसी कराने की अंतिम तिथि की घोषणा नहीं की गई है। लोग भ्रमवश गैस एजेंसियों में भीड़ बढ़ा रहे हैं। ई-केवायसी के लिए पर्याप्त समय है। उपभोक्ता आराम से ई-केवायसी करा सकते हैं।

इधर भीड़ को देखते हुए गैस एजेंसी संचालक भी ग्राहकों को समझाईश दे रहे हैं कि ई-केवायसी के लिए कोई अंतिम तिथि नहीं है। समझाने के बाद भी लोग सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने बताया कि ई-केवायसी के लिए गैस कार्ड, आधार कार्ड और बैंक पासबुक की जरूरत है। कभी भी ई-केवायसी कराया जा सकता है। उनका कहना है कि लोगों में यह अफवाह है कि ई-केवायसी के बिना गैस सिलेंडर नहीं मिलेगा, जबकि ऐसा नहीं है। जानकारी के मुताबिक जिले में 2 लाख 9 हजार 216 गैस कनेक्शनधारी हैं, जो घर बैठे मोबाइल और कम्प्यूटर के माध्यम से ई-केवायसी करा सकते हैं। इसके लिए पहले प्ले स्टोर में जाकर एप डाउनलोड करें, फिर पंजीकृत मोबाइल से रजिस्टर्ड करें।



### चिमन भाई को श्रद्धांजलि देने प्रार्थना सभा 31 को



**धमतरी।** श्री गुजराती समाज धमतरी के पूर्व सचिव, वरिष्ठ सदस्य समाजसेवी चिमन मेहता 94 वर्ष का 24 नवम्बर 2023 को मुंबई में स्वर्गवास हो गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए 31 दिसम्बर रविवार को गुजराती समाज भवन में शाम 4 बजे प्रार्थना सभा रखी गई है।


**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप




### हसदेव की पीड़ा को गीत के माध्यम से जनता तक पहुंचाया

**नगरी।** सत्ता बदलते ही सरकार एक्शन मोड़ पर काम कराने लगी है। सरकार के कुछ सराहनीय कार्य के अलावा कुछ ऐसे काम हैं जिसका जनता पुरजोर विरोध कर रही है। पिछली सरकार ने अडानी समूह को हसदेव जंगल की कटाई कर कोयला निकालने की अनुमति दी थी, जिसका विरोध छत्तीसगढ़ की जनता ने किया था। पिछली सरकार ने जनता के विरोध में अपना एक्शन बंद कर दिया था लेकिन वर्तमान सरकार ने पुनः हसदेव जंगल की कटाई के लिए अनुमति दे दी है। इसका फिर से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की जागरूक जनता अपने-अपने स्तर पर विरोध कर रही है। नगरी के युवा गायक कोशिश निर्मलकर भी अपने अंदाज में विरोध कर रहे हैं। उन्होंने हसदेव हरो गीत के माध्यम से आम जनता तक हसदेव की पीड़ा को पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं।

## निधन

### गोपालराम सिन्हा

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम आनंदपुर निवासी गोपालराम सिन्हा 74 वर्ष का 28 दिसम्बर को निधन हो गया।



वे तेजराम सिन्हा के पिता एवं ऋषभ सिन्हा, शुभम सिन्हा के दादाजी थे। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें ग्रामीण एवं परिजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा सियारीनाला पहुंची, ग्रामीणों को दी शासकीय योजनाओं की जानकारी

# मोदी के नेतृत्व में देश की जनता खुशहाल : विकल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम पंचायत सियारीनाला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए विकल गुप्ता ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत की जनता खुशहाल हो रही है । हमारा देश विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। देश की आजादी के बाद पहली बार केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्यक्ष रूप से जनता को मिले इसीलिए विकसित भारत संकल्प शिविर का आयोजन सभी पंचायत स्तर पर किया जा रहा है।



आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार विष्णु देव साय के नेतृत्व में बनने के बाद मोदी जी की गारंटी योजना के कारण प्रदेश के चारों ओर गरीब परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है। उन्होंने नये वर्ष में निःशुल्क मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना की सौगात दी है। यह योजना गरीब परिवारों के लिए जीवन दायिनी साबित होगी। इस योजना से गरीब परिवारों के चेहरे खिले हुए हैं। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष कुकरेल वामन साहू, महेश गोटा, श्रीमती चंद्रकला साहू, जनपद सदस्य पुष्पा ध्रुव ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में किसानों को बोनस का प्रमाण-पत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड, उज्वला गैस योजना अंतर्गत गैस टंकी एवं अन्य विभागों द्वारा भी सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल महामंत्री अजय यादव, दुर्गेश साहू, कुलेश्वर साहू, बृजलाल मांडवी, पिंगल गोटा, आनंद राम साहू, मनीष सिंह, एसआर नेताम सहित अधिकारी- कर्मचारी एवं पंचायत स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एआर साहू व आभार प्रदर्शन श्री नेताम ने किया।

## मां-बेटी ने लगाई न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

- जातिसूचक गाली-गलौज व छेड़छाड़ के प्रयास का मामला

नगर पंचायत मगरलोड निवासी दयाबती बांधे व उनकी पुत्री लक्ष्मी बांधे ने लिखित आवेदन थाना प्रभारी को देखकर न्याय की मांग की है। लिखित आवेदन में मां बेटी ने बताया कि घटना 8 सितंबर 2022 गुरुवार की है। नगर के तीन युवकों ने गाली-गलौज कर मारपीट की तथा छेड़छाड़ कर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इससे उनके दोनों हाथ में चोट लगी है। घटना के समय बीच बचाव करने आए पीड़िता के पिता व भाई को भी लाठी डंडे से पीटा गया किया जिससे उनके हाथ, सिर, कंधे और अन्य अंगों में चोट लगी है। पीड़िता ने लिखित आवेदन कर शासन प्रशासन से उचित न्याय की मांग की है।

## मौरीकला सोसाइटी में मनाया गया सुशासन दिवस

- मोदी की गारंटी के चलते प्रदेश के किसान हुए लाभान्वित : गौकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मौरीकला में सुशासन दिवस मनाया गया। अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौकरण साहू विधायक प्रतिनिधि व विशिष्ट अतिथि लोमश साहू सोसाइटी प्रबंधक, विमल साहू, खुशबू यादव सरपंच मौरीकला, नकुल साहू, चेमन यादव सरपंच प्रतिनिधि मौरीकला, रामनाथ साहू थे। गौकरण साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही मोदी की गारंटी को लागू करते हुए अपने वादे अनुसार किसानों को 2 साल का बोनस प्रदान किया गया। जिससे अनेक किसान लाभान्वित हुए। सोसाइटी में 2014-15 वर्ष के 644 किसानों






को 90 लाख 81 हजार 120 रूपये बोनस राशि मिली। वहीं 2015-16 में 655 किसानों को 92 लाख 44 हजार 800 रूपये की बोनस राशि प्रदान की गई।

मौके पर घनश्याम साहू, भुनेश्वर साहू, टीकाराम साहू, धनीराम साहू, चैन सिंह साहू, रोहित साहू, केजूराम साहू, मोहन साहू, पोखराज साहू, खेमराज साहू, यादराम साहू, केसरीलाल साहू, द्वारपाल साहू, राजेश साहू, हरक साहू ऑपरेटर, दुलेंद्र साहू, सौरभ साहू मौजूद रहे।

## मगरलोड में हुई जैतखाम की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

मगरलोड के जय सतनाम भवन में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्जना कर सत्य के प्रतीक जैतखाम की स्थापना की गई। सतनामी समाज के युवा पार्षद कमलेश कुमार बंजारे की अगुवाई में लगातार 8 सालों से राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। कमलेश बंजारे के प्रयास से सराई लकड़ी से बने जैतखाम की स्थापना की गई।

मौके पर सतनामी समाज के अध्यक्ष भेदराम कोसले, चंद्रहास बघेल, भोलाराम कुर्रे, मंशाराम कोसले, तुलाराम टंडन, गैंदलाल कुर्रे, गैंदलाल कोसले, विजय कुर्रे, अजय कुर्रे, राजेश कुमार कोसले, रवि कोसले, महेंद सोनवानी, सूरज कोसले ,फागूराम सोनवानी, नुमेश कोसले, गढ़हा कोसले मौजूद थे। जैतखाम की स्थापना ओमप्रकाश कुर्रे द्वारा की गई। पालो भी चढ़ाया गया।

## अंचल की खबरें

### छाती में गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ



**पुरी।** ग्राम छाती में चार दिवसीय प्रज्ञा पुराण एवं पाच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। गांव की गलियों में भव्य कलश शोभायात्रा बाजे-गाजे के साथ निकाली गई। कार्यक्रम बाजार चौक में आयोजित है। कार्यक्रम का समापन 31 दिसंबर को होगा। यह जानकारी नरेंद्र साहू ने दी है।

### गोजी में पूर्व प्रधानमंत्री को किया नमन



**सिर्री।** ग्राम पंचायत गोजी में सुशासन दिवस मनाया गया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में थानेश्वर तारक अधिवक्ता सरपंच गोजी, विशाल नागरची सचिव, कृष्ण कुमार साहू, एकेंद्र कुमार साहू रोजगार सहायक, ओमप्रकाश कुर्रे ऑपरेटर, श्रवण साहू स्वयंसेवक, राष्ट्रीय सेवा योजना परिवार प्रभारी दुर्गा सिन्हा व ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

### देवशक्तियों के पूजन के बाद पूनेम गोंड़ी गाथा शुरू



**नगरी।** गोंडवाना समाज सेवा समिति क्षेत्र दुगली के तत्वावधान में पांच दिवसीय कोया पूनेम गोंड़ी गाथा सम्मेलन गुहाननाला में आयोजित है। देवशक्तियों का पूजन के बाद कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। प्रवचनकर्ता गोंडी पूनेमाचार्य तिरुमल कमल शाह ध्रुवे जिला छिन्दवाड़ा मध्यप्रदेश हैं। मुड़ा अध्यक्ष मयाराम नागवंशी, बिच्छलराम मरकाम, दशरथ नेताम, बुधराम नेताम ने बताया कि 27 से 31 दिसम्बर तक पांच दिवसीय संगीतमय गोंड़ी गाथा (कोया पूनेम) धर्म दर्शन का आयोजन गुहाननाला में किया गया है। प्रथम दिवस कलश यात्रा, कलश स्थापना, देव सुमिरन व देव स्थापना हुआ। मौके पर जनपद पंचायत नगरी अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, सरपंच मुनईकेरा महेन्द्र नेताम उपस्थित थे। सम्मेलन को सफल बनाने में नरसिंह मरकाम, राजाराम वट्टी, बिरजूराम मरकाम, पंचूराम नेताम, हेमंत तुमरेटी, अशोक साक्षी, नारायण मरकाम, मकसूदन मरकाम, चिंताराम तुमरेटी, रामलाल तुमरेटी, परबत कुंजाम, धीरसिंह साक्षी, मानसिंह वटी, राजकुमार कुंजाम, मानकी बाई कुंजाम, कलावती मरकाम, राधा तुमरेटी, दयावती वट्टी, नर्मदा मरकाम एवं सभी 16 ग्राम के सामाजिकजन जुटे हुए हैं।

### सेनेटरी पैड वितरण कर छात्राओं को माहवारी के प्रति किया जागरूक



**कुरूद।** ग्राम सेमरा सी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर की छात्राओं को वात्सल्य सृजन यूथ ऑर्गनाइजेशन छत्तीसगढ़ द्वारा सेनेटरी पैड वितरण कर माहवारी के समय होने वाले बीमारी से बचाव के उपाय बताकर जागरूक किया गया। वात्सल्य सृजन यूथ ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष यशपाल साहू एवं संयुक्त सचिव डॉ भागीरथी साहू द्वारा छात्राओं को सेनेटरी पैड्स का वितरण कर मासिक चक्र के दौरान रखने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस मुहिम से प्रेरित होकर शिविर की छात्राओं ने माहवारी में स्वच्छता का ध्यान न रखने से होने वाली बीमारियों से बचाव और सेनेटरी पैड के इस्तेमाल के लिए अन्य छात्राओं को जानकारी देकर इस जागरूकता अभियान में अपना सहयोग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्कूल की प्रभारी प्राचार्य बी पदमा राजेश ने युवाओं के इस पहल की सराहना की व समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करते रहने की बात कही। इस आयोजन में कार्यक्रम अधिकारी संतोष जैन, हेमंत चक्रधारी, कैलाश सिन्हा, हेमशंकर सिन्हा का विशेष सहयोग रहा।

## वनों के संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी हमारी : साक्षी



- नेंगीनाला में सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन एवं पेशा अधिनियम पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गट्टासिल्ली सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन एवं पेशा अधिनियम के वास्तविक क्रियान्वयन पर जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन नेंगीनाला में प्रेरक स्वयंसेवी संस्था जिला मुख्यालय गरियाबंद व्दारा किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य मनोज कुमार साक्षी थे। इस दौरान श्री साक्षी ने कहा कि सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण, संवर्धन, प्रबंधन का अधिकार ग्राम सभा को दिया गया है। वनों के संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी हमारी है। पेशा अधिनियम सामुदायिक वन संसाधन विशेषज्ञ हेमन्त तुमरेटी ने आदिवासी समाज को प्रकृति प्रेमी बताया। प्रेरक स्वयंसेवी संस्था के जिला अध्यक्ष आरजी सिन्हा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को लेकर महिलाओं की ग्राम सभाओं में 33 प्रतिशत भागीदारी व निर्णय प्रक्रिया में हिस्सेदारी अनिवार्य है। इस आयोजन में ब्लाक इकाई प्रमुख गन्नूराम नेताम, ललेश कुमार सोरी,ज्योति मंडावी, प्रिया टैगोर, लिलेश कुमार मरकाम विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य जग्गूराम मरकाम, ग्राम सभा अध्यक्ष विश्राम वट्टी, गोपाल सिंह पोर्ते, राधेश्याम कुंजाम, हेमंत तुमरेटी, मुकेश मंडावी, जगराम नेताम, मंजुलता कुंजाम, राधेश्याम गौर, मनोहर नेताम, केशरी बाई, सुखलाल कुंजाम, देवलाल मरकाम, भादूराम कोड़ोपी सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## कोसमर्रा स्कूल में मना वीर बाल दिवस






**कोर्रा-भखारा।** शाउमावि कोसमर्रा में गुरु गोविंद सिंह और साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान और साहस की स्मृति में वीर बाल दिवस पूरे उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य चैतराम साहू ने कहा कि इतिहास के पन्नों में छपी देशभक्ति और देश प्रेम की गाथाओं को आगे लाने की यह अच्छी पहल है। देशभक्ति का भाव बच्चों में बचपन से ही दिया जा सकता है क्योंकि यही समय रहता है। उन्होंने आगे कहा कि धर्म के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों सहिबजादों की याद में आज देश वीर बाल दिवस मना रहा है। देश, संस्कृति के लिए सब कुछ न्यौछावर करने वालों इन वीरों से हमारे बच्चे देश प्रेम की भावना सीखेंगे। विद्यालय में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। पोस्टर में सौरभ साहू, भाषण में ओमकुमार साहू, खुशी साहू, एशकुमार, प्रिया यादव, निबंध में ओमकुमार, खुशी, डोमेश्वरी, प्रिया, तिलेश्वरी, काजल बैस, रंगोली में पुष्पांजलि साहू, सेवती, रागनी, तिलेश्वरी ने भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षक बालकृष्ण साहू, पुष्पेंद्र गुरु, वासुदेव सोनबेर, रविंद्र बंधे, मानसिंह जांगड़े, हरिश्चंद्रसिंह नेताम, उत्तरा गंजीर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संतोषी साहू, सुनीता कश्यप एवं छात्र-छात्राएं तथा आंगनबाड़ी के बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनिल साहू ने किया।

## किसानों के आर्थिक विकास में पशुधन का विशेष योगदान




हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

- भेलवाकूदा में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित

शाउमावि पचपेड़ी के तत्वाचधान में ग्राम भेलवाकूदा में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पंचम दिवस प्रातः काल स्वयंसेवकों द्वारा प्रभात फेरी निकली गई। ग्रामवासियों के लिए शिविर स्थल शासकीय प्राथमिक शाला भेलवाकूदा में योग एवं प्राणायाम का आयोजन किया गया। शिविर के पंचम दिवस पशुधन के विकास एवं संवर्धन पर विशेष कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि डॉक्टर एसके द्विवेदी अतिरिक्त उपसंचालक पशु चिकित्सालय भखारा, जगन्नाथ यादव, धनेंद्र साहू और महेंद्र ठाकुर थे।

शिविर में गौपालक कृषकों के लिए आयोजित इस विशेष शिविर में डॉक्टर द्विवेदी ने पशुओं के उपचार, टीकाकरण, बांझ पशु उपचार, कृत्रिम गर्भधान एवं बधियाकरण किया। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि किसानों के आर्थिक विकास में पशुधन का विशेष योगदान है। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक निरंजन हिरवानी, डॉ. गणेश प्रसाद साहू एवं रघुनंदन बाबू विशिष्ट अतिथि थे। श्री हिरवानी ने शिविर को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य को बताया।

मौके पर कमल दास साहू, टिकेश्वरी ध्रुव, कृष्णा साहू, अंजना साहू, कैवल्य, जगतपाल साहू, दीनदयाल साहू, चंदूलाल साहू, बीके साहू व्याख्याता, सहायक कार्यक्रम अधिकारी हरिश्चंद्र पटेल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पारसमणि साहू उपस्थित थे।

### भखारा कालेज में वीर बाल दिवस पर हुई भाषण प्रतियोगिता

# धर्म की रक्षा के लिए दोनों साहिबजादों ने अपने प्राणों का किया बलिदान : कविता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में प्राचार्य के मार्गदर्शन में दसवें सिख गुरु गोविन्द सिंह के पुत्रों साहिबजादों जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह की शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस मनाया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगोपाल देवांगन पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष कुरूद थे। अध्यक्षता डॉ. एल.आर. डोंगरे सहायक प्राध्यापक भूगोल ने की। डॉ. कविता वैष्णव सहायक प्राध्यापक हिन्दी ने वीर बाल दिवस मनाए जाने के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने धर्म और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान करने वाले दोनों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह की शहादत की कहानी को बताया। डॉ. एल.आर. डोंगरे ने भारत के गौरवशाली मध्यकालीन इतिहास एवं सिख गुरुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमें मनुष्य नहीं इंसान बनना चाहिए। डॉ. अविनाश आर. निचत सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र ने कहा कि दोनों साहिबजादों की तरह हमें भी धर्म, समाज एवं देश की आन, बान और शान के लिए अडिग रहना होगा। रामकिशोर यादव सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान द्वारा सिख धर्म के आदर्शों, सिद्धांतों एवं गुरू परंपरा पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. भुवाल सिंह ठाकुर सहायक प्राध्यापक हिन्दी ने सिख शब्द के अर्थ और पृष्ठभूमि को समझाया गया।

मुख्य अतिथि श्री देवांगन ने अपने उद्बोधन में भारतीय इतिहास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों को दोनों साहिबजादों की तरह निडर व साहसी बनना चाहिए तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए।

वीर बाल दिवस पर महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रीति, वैष्णवी एवं चेतनानंद ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी में प्रीति, चेतनानंद व तुलेन्द्र ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों को गुरू गोविन्द सिंह और उनके वीर सपूतों के प्रेरक जीवन के विषय में डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई। डॉ. कविता वैष्णव ने आभार व्यक्त किया।

Pride of Dhamtari

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
पंजीयन आवश्यक - 9981996482
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप किडनी रोग, मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
डॉ करण सराफ – MD,DM Nephrologist – किडनी रोग विशेषज्ञ – 02 जनवरी 2024 मंगलवार
डॉ अक्षय बैद – MS,MCh, Neurosurgeon – ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ – 05 जनवरी 2024 शुक्रवार
डॉ आशु जैन – MS,MCh, Neurosurgeon – ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ – 12 जनवरी 2024 शुक्रवार

उचित दामों पर उच्चतम क्वालिटी के फ्लाईएश ईंट एवं पेवर ब्लाक उपलब्ध
कासलीवाल ब्रिक्स
रेत, गिट्टी, ईंट, सीमेंट, छड़ के सप्लायर
प्रो. शीतल कासलीवाल : 87706-89029
ग्राम-संकरी, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी
नोट : सभी शासकीय कार्य एवं भवन निर्माण हेतु जीएसटी बिल के साथ उपलब्ध

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## अंचल की खबरें

### स्कूल सफाई कर्मचारियों ने किया विधायक का स्वागत



**डांडेसरा।** अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ कुरूद ब्लाक द्वारा विधायक अजय चंद्राकर का प्रथम कुरूद आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर संघ के संरक्षक पुरूषोत्तम साहू, ब्लाक अध्यक्ष नूतन कुमार साहू, मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष हीरालाल साहू, संतोष साहू, मुकेश चन्द्रवंशी, मंथीर यादव, पुरेन्द्र कुमार साहू, मानिक साहू, व्यासनारायण साहू, तेजभान बंजारे, यशवंत साहू उपस्थित थे।

### कर्तव्यनिष्ठता के लिए जाना जाता है ठेठवार समाज : रंजना



**धमतरी।** ग्राम मुड़पार में ठेठवार उत्सव समिति द्वारा मातर महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू थीं। अतिथि उद्बोधन में पूर्व विधायक श्रीमती साहू ने कहा कि ठेठवार यादव समाज भगवान श्री कृष्ण के वंशज हैं। भगवान श्री कृष्ण ने यदुवंशी वंश में जन्म लेकर अनेक असुरों का संहार करते हुए कई लीलाएं दिखाई। आगे कहा कि ठेठवार यादव समाज मेहनती, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठता के लिए जाना जाता है। यादव समाज के परंपरागत दोहे और वस्त्र धारण हमारे भारत की अद्वितीय संस्कृति है। श्रीमती साहू ने सभी समाजिकजनों से समाज की मजबूती, एकजुटता और शिक्षा को बढ़ावा देने की अपील की। मौके पर जिला पंचायत सदस्य दमयंती केशव साहू, जनपद सदस्य जागेश्वरी साहू, ममता सिंहा, गंगरेल मंडल उपाध्यक्ष मीना यादव, पंचूराम ठेठवार, सुरेंद्र ठेठवार, जगजीवन ठेठवार, निर्भय ठेठवार, मकसूदन ठेठवार सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन व ग्रामीण उपस्थित थे।

### सम्मेलन में दिव्यांग युवक-युवतियों ने दिया अपना परिचय



**धमतरी।** छग दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ का विवाह योग्य दिव्यांग युवक युवती परिचय सम्मेलन सिर्री में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएम दीक्षित प्रांताध्यक्ष बिलासपुर थे। अध्यक्षता मनोज साहू दिव्यांग आवासीय विदयालय सिर्री ने की। विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, कोषाध्यक्ष महेश साहू, सलाहकार एचके साहू, बसंत कुमार विश्नोई तथा रोहित साहू थे। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम सिंह साहू ने किया। सम्मेलन में प्रीति सिन्हा बोरिदकला 21 वर्ष मूकबधिर, सोमन साहू कंडेल 28 वर्ष अस्थि बाधित, कविता यादव 25 वर्ष धमतरी अस्थिबाधित, राजू भार्गव 32 वर्ष अस्थिबाधित, गोविंद साहू मंदबुध्दि, वीणा साहू 29 वर्ष मेघा मूकबधिर, कन्हैया साहू, यशवंत ध्रुव, अर्जुन धुव्र मूकबधिर, विशाल राम आदि ने अपना परिचय दिया। आवासीय दिव्यांग विद्यालय सिर्री के बच्चों ने साइन लेगवेंज में परिचय देकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में छन्नूलाल चंद्राकर, रोहित साहू, राजू, सोमन का सहयोग प्राप्त हुआ। घनश्याम सिंह ने दिव्यांगजनों को आगे की पढ़ाई लिखाई के लिए माना पुनर्वास केंद्र की जानकारी दी।

### दुर्घटनाओं से बचने जनजागरूकता जरूरी : सीईओ

**धमतरी।** कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली और जिले में दुर्घटनाओं से होने वाले जान-माल की हानि को रोकने के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। बैठक में श्रीमती यादव ने कहा कि अक्सर यह देखने में आया है कि सड़क दुर्घटना का एक मात्र कारण वाहन चलाते समय लापरवाही होती है। दुर्घटना से बचाव के लिए जनजागरूकता जरूरी है। उन्होंने कहा कि एक छोटी सी कोशिश से किसी के जीवन की सुरक्षा हो सकती है। बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की गई जिसमें से प्रमुख रूप से लोक निर्माण विभाग को रत्नाबांधा चौक से पीजी कालेज मार्ग का चौड़ीकरण कर रोड, डिवायडर एवं फुटपाथ निर्माण, नवागांव एफसीआई गोदाम जाने के मार्ग में नो पार्किंग बोर्ड लगाने और राजकीय राजमार्ग 23 में बने गड्ढों की मरम्मत किये जाने के निर्देश दिये गये। वहीं नगर निगम धमतरी को शहर के अर्जुनी मोड़ से श्यामतराई तक राजमार्ग को नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन घोषित करने, शहर के मुख्य चौक चौराहों में यातायात व्यवस्था को बेहतर करने यातायात जवानों के लिए ट्रेफिक आईलैण्ड, ट्रेफिक बूथ बनाने कहा गया। भीड़भाड़ वाले इलाकों में नो पार्किंग का बोर्ड लगाने, मुख्य चौक-चौराहों में सीसीटीव्ही कैमरा लगाने एवं कोलियारी मछली पसरा को मार्ग से दूर व्यवस्थापित करने कहा गया। बैठक में सड़क सुरक्षा मित्र का गठन करने के भी निर्देश दिये गये। पुलिस विभाग को ओवर स्पीड वाहनों पर कार्यवाही करने, स्कूली वाहनों की नियमित जांच करने कहा गया।

सिवनीकला के ग्रामीणों ने किया था पंचायत भवन का घेराव

# ग्रामीणों के तेवर देख सरपंच-सचिव ने मेटों को बर्खास्त करने का प्रस्ताव पारित किया

- झिलमिला तालाब एवं नाली सफाई कार्य में मेटों द्वारा फर्जी हाजिरी डालने का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



ग्राम पंचायत सिवनीकला के ग्रामीणों ने मेटों की बर्खास्तगी को लेकर पंचायत भवन में धावा बोला। ग्रामीणों का आरोप है कि सिवनीकला में मनरेगा अंतर्गत झिलमिला तालाब एवं नाली सफाई कार्य में मेटों द्वारा फर्जी हाजिरी डाली गई थी। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कलेक्ट्रेट में की थी। जांच प्रकरण में पंचायत पहुंचे अधिकारियों ने मेटों द्वारा फर्जी हाजिरी डालकर राशि आहरण किए गए फर्जीवाड़ा को सही पाया। लेकिन उन्हें पद से बर्खास्त नहीं किया गया था जिससे ग्रामीणों में आक्रोश था।

नाराज ग्रामीण लगातार मेटों की बर्खस्तगी की आवाज उठा रहे थे। कलेक्टर द्वारा निर्देशित करने के बाद भी सरपंच ईश्वर लाल साहू पंचों की अनुपस्थिति में पंचायत मीटिंग लेकर प्रस्ताव नहीं कर पा रहे थे क्योंकि मेटों द्वारा फर्जी हाजिरी डालकर रोजगार गारंटी में लाखों के काम में धांधली पाई गई थी। मेटों को पदमुक्त करने और रकम वसूली का आदेश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धमतरी द्वारा 12 जुलाई 2023 को जारी किया गया था। लेकिन उसके बाद लगातार मीटिंग होने के बाद भी पंचों की अनुपस्थिति के चलते मेटों को बर्खास्त करने का प्रस्ताव पारित नहीं कर पा रहे थे जिसके चलते ग्रामीणों में भविष्य में होने वाले रोजगार गारंटी के काम के बाधित होने का संशय बना हुआ था।

अंततः ग्रामीणों ने अपनी मांग को पूरा करवाने अर्थात मेटों को बर्खास्त करवाने पंचायत भवन का घेराव किया। तब कहीं जाकर सरपंच ईश्वर लाल साहू और सचिव ने 29 दिसंबर को मीटिंग बुलाकर पंचों को बुलाकर मेटों को बर्खास्त करने के लिए प्रस्ताव पारित किया। वहीं नए मेटों की नियुक्ति करने का आदेश पारित किया गया तब कहीं जाकर ग्रामीण शांत होकर लौटे। मौके पर सुशील साहू, सुरेश तारक, टिकेश्वर चंद्राकर, चंद्रप्रकाश साहू, केवल तारक, टेकराम साहू, दिलेश्वर साहू, कपिल पटेल, बिसौहा बया, काशीराम तारक, बद्री राम पटेल, डोमन डहरे, पतराम, कुंजीलाल साहू, केजू चंद्राकर, मैना निर्मलकर, ममता सेन, हेमिन तारक, दामिनी तारक, दुलेश्वरी तारक, दुर्गा साहू सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# राइस मिलरों ने अयोध्या के लिए 300 क्विंटल चावल भिजवाया



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राइस मिल एसो. ने अयोध्या के भंडारे के लिए 300 क्विंटल चावल शुक्रवार को दोपहर 12 बजे पूजा-पाठ के बाद भेजा। यह चावल पहले रायपुर पहुंचेगा। इसके बाद शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रदेश भर के ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या के लिए रवाना करेंगे। मिलरों ने बताया कि सभी जिलों से राइस मिलरों द्वारा लगभग 3000 क्विंटल चावल अयोध्या में भंडारा के लिए भेजा जा रहा है। अरवा राइस मिल एसो. के अध्यक्ष राजेश गोलछा व धमतरी राइस मिल ओनर्स एसो. उसना के अध्यक्ष नवीन सांखला ने कहा कि 500 वर्षों के लंबे इंतजार के पश्चात रामजन्म भूमि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर निर्मित हुआ है। इस अवसर पर जिले के सभी राइस मिलरों ने 300 क्विंटल चावल अयोध्या भिजवाया। इस अवसर पर सदस्य नवलकिशोर अग्रवाल, दयाराम अग्रवाल, प्रमोद गोयल, विनीत पारख, राजा गोलछा, हलेश अग्रवाल, हरेश दामा, अमित जैन, अखिलेश खंडेलवाल, पवन भंसाली, महावीर गोयल, राजेन्द्र लुंकड़, दीपक जैन, मनीष अग्रवाल, प्रदीप गोलछा, रामचरण अग्रवाल,नरेन्द्र खंडेलवाल, महेश, पिंटू, संजय, गजेन्द्र साहू, नानकचंद अग्रवाल, अनिल लोढ़ा सहित अन्य उपस्थित थे।

# पीजी कॉलेज में याद किये गए वीर साहेबजादे

- पीएम मोदी ने इतिहास को समृद्ध करने की ऐतिहासिक पहल की : पं. राजेश शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





पीजी कॉलेज धमतरी में वीर साहिबजादों को याद किया गया। प्रदर्शनी लगाई गई साथ ही मुगल शासन का काला इतिहास और सिक्ख योद्धाओं की वीरता के असीमित योगदान में साहिबजादों के अध्याय पर गोष्ठी की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी पं. राजेश शर्मा थे। वीर साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान की कहानी को 60 साल तक भारतवासियों से दूर रखा गया, जबकि ऐसे बलिदानों की कहानी पहले दिन से सबको बतानी थी। मोदी जी ने इसके लिए पहल कर दी है और इसे आगे बढ़ाना हम सब का प्रथम धर्म होना चाहिए। आज तक भारत में जो भारत का इतिहास पढ़ाया गया, उसमें देश और धर्म की रक्षा के लिए बलिदान देने वालों की वीरता और गौरव की सत्य कथाओं का लंबा सिलसिला है। फिर भी कई सर्वोच्च बलिदानों को भुला दिया गया। इन्हें पाठ्यक्रमों में जगह नहीं मिल सकी थी लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साल पहले इतिहास को समृद्ध करने की ऐतिहासिक पहल की थी। गुरु गोविंद सिंह के दो सपूत जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने आने प्राणों का बलिदान दिया। मुगल आक्रांताओं से लड़ते हुए वीर गति को प्राप्त हुए। उन्हीं साहिबजादों की याद में यह दिवस मनाया जाता है।

# पीएम मोदी की गारंटी पूरी कर रही भाजपा सरकार : वीरेंद्र

- खैरझिटी में सैकड़ों किसानों को बांटा गया बोनस प्रमाण-पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



सोमवार को हाईस्कूल खैरझिटी के प्रांगण में अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई गई। धान बोनस वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जनपद अध्यक्ष श्याम साहू थे। अध्यक्षता किसान मोर्चा अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने की। विशेष अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष होरीलाल साहू, योगेश्वर साहू, जनपद सदस्य डागेश्वर सोनकर, सोभद्रा टंडन, सरपंच ललित ध्रुव, नंदिनी साहू, शत्रुघन साहू, भीखम सेन, चेतन साहू थे।

किसान मोर्चा अध्यक्ष विरेंद्र साहू ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान समृद्ध हो रहा है। भाजपा की सरकार आते ही घोषणाओं पर काम करना प्रारंभ कर दिया है। मोदी की गारंटी के अंतर्गत सभी घोषणाओं को पूरा किया जाएगा। 2 साल का बोनस सुशासन दिवस पर दिया गया है। मगरलोड ब्लॉक के 13831 किसानों के खाते में 39 करोड़ 38 लाख 83 हजार 680 रुपए का भुगतान हुआ है। प्रदेश के लोगों को 500 रूपए में गैस सिलेंडर मिलेगा। महतारी वंदन योजना के तहत विवाहित माता बहनों को 12000 मिलेगा। अभी सोसाइटियों में 21 क्विंटल धान खरीदी शुरू हो गई है।

मुख्य अतिथि पूर्व जनपद अध्यक्ष श्याम साहू ने कहा कि संकल्प पत्र के अनुसार सुशासन दिवस पर धान का बोनस वितरण किया गया। एक-एक करके 5 साल में सभी संकल्प को पूरा किया जाएगा और जनता से किए हुए वादे को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम भाजपा सरकार कर रही है।

इस दौरान पंचायत निरीक्षक दीपक भीमगज, वरिष्ठ कृषि अधिकारी केएस नरेटी, ब्रांच मैनेजर सीपी साहू, एमएफ खान, ब्रांच सुपरवाइजर धनराज साहू , एडीओ ललित साहू, एसडीओ संजय चंद्राकर, परमेश्वर निर्मलकर, प्रबंधक ईश्वर सिन्हा, बीरचंद साहू, योगेन्द्र यादव, राकेश खत्री, धर्मेंद्र साहू, ललित साहू सहित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

गोजी में विकास कार्य देखने गुजरात से पहुंचे अधिकारी सहित वरिष्ठ पत्रकारों की टीम

# गोजी, टीबी और मोतियाबिंद मुक्त ग्राम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



भारत सरकार की प्रवर्तित योजनाओं का अवलोकन करने गुजरात के वरिष्ठ पत्रकारों का दल गोजी पहुंचा। दल का स्वागत राउत नाचा, करमा नृत्य से किया गया। प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के वरिष्ठ पत्रकारों का पंचायत के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। सरपंच थानेश्वर तारक अधिवक्ता ने दल को गोजी के विभिन्न विकास कार्य व व्यक्तिगत हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी दी। बताया कि सड़क किनारे वृक्षारोपण सह गार्डन, स्कूल में गार्डन झूला, फिसल पट्टी, मॉडल पंचायत भवन की सजावट, मॉडल आंगनवाड़ी, चारागाह में सब्जी उत्पादन, 25 एकड़ जमीन में आम के प्लांटेशन व नरेगा द्वारा निर्मित तालाब में मछली उत्पादन उपरोक्त कार्य में महिला समूह को जोड़ते हुए 25 एकड़ आम के बगीचे में महिला के तीन समूह को दिया गया। साथ में चारागाह में सब्जी उत्पादन हेतु आठ समूह को दिया गया है। एक समूह को गोठान में, एक समूह को सड़क किनारे वृक्षारोपण देखरेख के लिए व मछली पालन हेतु जागृति मछुआ सरकारी समिति को दिया गया है। उसी प्रकार व्यक्तिगत व हितग्राही मूलक योजना प्रधानमंत्री आवास के 67 हितग्राही, जल जीवन मिशन के 289 हितग्राही, उज्ज्वला गैस योजना अंतर्गत 269 हितग्राही हैं। किसान सम्मान निधि अंतर्गत 317 हितग्राही और आयुष्मान कार्ड धारी 1260 हितग्राही हैं। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 238 शौचालय बनाए गए जिसमें गोजी के काफी परिवार इन सुविधाओं से लाभान्वित हुए। सरपंच के प्रयास सेसरकार की सभी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू किया गया। ग्रामीणों को प्रत्येक योजनाओं का समुचित लाभ मिला। विभागीय अधिकारियों और गुजरात के पत्रकारों ने सरपंच की सराहना की।

महिला बाल विकास द्वारा सुपोषण के क्षेत्र में अग्रणी कार्य किया जिसमें गर्भवती, शिशुवती महिला हेतु पोषण आहार समय पर दिया जाना, राजस्व विभाग द्वारा बंटवारा नामा से लेकर लगभग 14 नामांतरण समय पर किया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा विभिन्न पौधों का रोपण किया गया है। केला 2 एकड़ में, 25 एकड़ में आम के पौधों का रोपण व सड़क किनारे वृक्षारोपण पर विशेष कार्य हुआ। वन विभाग द्वारा ग्राम संकरी से लेकर गोजी तक सड़क के दोनों किनारे वृक्षारोपण किया गया है। ग्राम पंचायत गोजी में 420 राशनकार्ड धारी है। 281 जॉब कार्डधारी, 134 पेंशन धारी हैं। सभी हितग्राहियों का ऑनलाइन भुगतान व पेमेंट छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक व जिला सहकारी बैंक व अन्य बैंकों के माध्यम से होता है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम पंचायत गोजी को टीबी मुक्त व मोतियाबिंद मुक्त ग्राम पंचायत घोषित कर प्रमाण पत्र दिया गया। कृषि विभाग द्वारा सभी हितग्राही को लाभ दिया गया है। ग्राम गोजी में समुचित योजनाओं का लाभ ग्रामीण निरंतर ले रहे हैं। इस कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी जीआर मरकाम, तेजपाल ध्रुव अपर कलेक्टर, सहायक परियोजना अधिकारी धर्मसिंह, अविनाश मसराम उपसंचालक जिला पंचायत धमतरी, सहायक संचालक जनसंपर्क अधिकारी राहुल सिंह, कृषि विभाग मोनेश साहू, मोहनीश घिवरिया व जनपद पंचायत कुरुद से मुख्यपालन अधिकारी बी.आर.वर्मा, प्रोग्रामर अधिकारी कुंती देवांगन व जनपद पंचायत के अन्य कर्मचारी, आरइएस के एसडीओ अनिल मिश्रा, पीएच विभाग के एसडीओ पीएस गजेंद्र, व पैकरा सहित स्वास्थ्य विभाग से डॉ नवरत्न, डॉ कॉमडे, तहसीलदार श्री भारद्वाज, नायब तहसीलदार सुश्री कुसुमलता, बिरेझर चौकी प्रभारी उमाकांत तिवारी व वन विभाग से रेंजर मैडम, बिहान विभाग से डीपीएम जय वर्मा व राजीव सिन्हा तथा बीपीएम सविता यादव, डीपीएम प्रिया कंवर, सेक्टर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नरेश कामडे, बीपीएम रोहित पांडेय, विकासखण्ड नोडल अधिकारी अंधत्व डॉ क्षितिज साहू, बीई धनसिंग ठाकुर, फार्मासिस्ट नोगेन्द्र साहू, नेत्र चिकित्सा अधिकारी कीर्तन साहू सहित विशाल नागरची सचिव, रोजगार सहायक एकेंद्र कुमार साहू व समीपस्थ ग्राम के सचिव व रोजगार सहायक, विभिन्न योजनाओं के हितग्राही सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# आमदी में डीजे डांस प्रतियोगिता आज

**आमदी।** नगर पंचायत आमदी में युवा संगठन एवं त्रिवेणी संगम डांस परिवार आमदी व नगरवासियों के सहयोग से हाईस्कूल मैदान में 30 दिसंबर शनिवार को शाम 7 बजे से भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक होंगे। अध्यक्षता मनोज साहू पूर्व अध्यक्ष नपं आमदी करेंगे। विशिष्ट अतिथि मीना बंजारे जिला पंचायत सभापति धमतरी, प्रवीण राठी, व्यासनारायण निषाद, घनाराम साहू, गजेंद्र कुंभकार, भीखम साहू, कविता साहू, अनीता ठाकुर, सुनील साहू, कैलाश सोनी, देवा साहू, रेवा साहू, कमलेश सोनी, योगेंद्र साहू होंगे। इसी दिन हाईस्कूल मैदान में मड़ई मेला और रामायण प्रतियोगिता 31 दिसंबर रविवार व 1 जनवरी सोमवार को रखी गई है।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

दो दिन शेष, अब तक 659192 लोगों का हुआ पंजीयन

# 2 लाख राशनकार्ड धारियों ने नहीं कराया ई-केवायसी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सरकारी राशन दुकानों में कालाबाजारी रोकने ई-केवायसी कराने का नियम लागू किया है। वन नेशन -वन कार्ड के तहत होने वाले ई-केवायसी को लेकर शासन ने दिसम्बर 2023 तक का समय दिया है। ज्ञात हो कि जून से लागू इस नियम के तहत 5 बार तारीख बढ़ाई गई है। इसके बावजूद जिले के 2 लाख 19 हजार 292 सदस्यों ने ई-केवायसी नहीं कराया है। इससे आशंका जताई जा रही है कि दिसम्बर के बाद उन्हें कोटे का राशन नहीं मिलेगा। ई-केवायसी कराने के लिए अब दो दिन का समय बचा है लेकिन इसका कोई असर अब भी दिखाई नहीं दे रहा है। ई-केवायसी कराने के लिए राशन कार्डधारियों को जिले की राशन दुकानों में सुविधा दी गई है। बावजूद इसके राशन कार्डधारी आगे नहीं आ रहे हैं। गौरतलब है कि अब प्रदेश में सरकार गरीब परिवारों को पांच साल तक मुफ्त में चावल देगी।

खाद्य निरीक्षक नरेश पीपरे ने बताया कि ई-केवायसी कराने के लिए फिलहाल 31 दिसम्बर तक समय दिया गया है। शासन के आदेश पर यह तिथि आगे बढ़ सकती है लेकिन अभी तक ओदश नहीं मिला है।

ज्ञात हो कि राशन कार्ड का ई-केवायसी नहीं कराने वालों का नाम राशन कार्ड के पोर्टल से हटाने की प्रक्रिया शुरू होगी। पोर्टल से हटने के बाद इन सदस्यों के नाम से राशन जारी नहीं किया जायेगा। 4347 हितग्राहियों का आधार मैच नहीं हुआ जिसे अपात्र की श्रेणी में माना जाएगा। इसके अलावा 2 लाख हितग्राहियों ने ई-केवायसी नहीं कराया है। फिलहाल जिले में 2 लाख 40 हजार 880 राशन कार्ड हैं, जिसमें सदस्यों की संख्या 8 लाख 55 हजार 304 है। 659192 लोगों का ई-केवायसी हो चुका है, जिसमें 4347 सदस्य अपात्र पाए गए हैं।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## अंचल की खबरें

### धीवर समाज ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ धीवर समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर विधानसभा चुनाव में जीत व प्रदेश में सरकार बनाने पर शुभकामनाएं दी। साथ ही छत्तीसगढ़ धीवर समाज महासभा द्वारा 7 जनवरी को आयोजित युवक युवती परिचय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का आग्रह किया। इस दौरान धीवर समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश धीवर, धनीराम धीवर, महासभा संरक्षक परमेश्वर फुटान, मछुआरा प्रकोष्ठ भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य कृष्णा चम्पालाल हिरवानी, कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष बसंत निषाद, नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, वेदव्यास तारक, फिरोज हिरवानी, रामानंद धीवर, डॉ जीवन जलक्षत्री, करण हिरवानी, नरेंद्र धीवर, राजेश धीवर समेत अन्य उपस्थित थे।

### ओजल-रागिनी को पावर लिफ्टिंग में मिला मेडल




**धमतरी।** ऑल इंडिया स्वदेशी खेल एसोसिएशन मुंबई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ओजल साहू एवं रागिनी ने भाग लिया। ओजल साहू ने 47 किलोग्राम वजन में जूनियर नेशनल पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल तथा रागिनी ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर महाविद्यालय तथा छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. डीआर चौधरी, खेल अधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर बांधे ने दोनों खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। मौके पर प्राध्यापकगण डॉ. आर. मरकाम, डॉ. जे.एल. पाटले, ओ.पी. चन्दे, राजेश जांगड़े, हुकेश कुमार, दानेश्वर साहू, आकाश साहू, मधु माधव देव, रामचंद सोनी, रोली जांगड़े, पोखराज साहू, डॉ. जयश्री रणसिंह, पूर्णिमा साहू, तीजन साहू, सुषमा साहू, गीतांजलि टंडन, सतीश साहू, किरण चन्द्राकर ने हर्ष व्यक्त किया है।

### संबलपुर स्कूल में मना वीर बाल दिवस



**धमतरी।** वीर बाल दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संबलपुर में विविध कार्यक्रम हुए। प्राचार्य शैलेंद्र तरार के नेतृत्व, व्याख्याता प्रमोद शार्दुल व व्यायाम शिक्षक ओंकार पटेल के निर्देशन में स्कूली बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर ग्रामीणों को वीर बाल दिवस मनाने के उद्देश्य से अवगत कराया। विशेष सभाएं आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद विद्यालय में छात्रों द्वारा निबंध, कविता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा एलईडी टीवी के माध्यम से सीधा प्रसारण भी छात्र-छात्राओं को दिखाया गया। मौके पर व्याख्याता सेवक रामचंद्रवशी, आकाशदीप देवांगन, विक्रम कुर्रे, हरमीत कौर खालसा, शशिप्रभा चंद्राकर, श्वेतारानी देशमुख, नम्रता, जाधव मैडम, कुसुम साहू, सोमा साहू, कुशल देवांगन, लिपिक ममता यादव समेत अन्य मौजूद थे।

### आमदी में नौ कुंडीय महायज्ञ का समापन





**धमतरी।** ग्राम आमदी में नौ कुंडीय महायज्ञ प्रज्ञा पुराण का समापन हुआ। इस दौरान पुंसवन संस्कार 16, दीक्षा संस्कार 33, मुंडन संस्कार 5, विद्या आरंभ संस्कार हुआ। प्रज्ञा पुराण सुनने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रज्ञा पुराण कथावाचक परमानंद यादव थे। मौके पर प्रज्ञा मंडल आमदी के संरक्षक तीरथ राम साहू, अध्यक्ष रामआसरा साहू, उपाध्यक्ष अनुज साहू, कोषाध्यक्ष घासी कोसरिया, विधायक ओमकार साहू, हर्षद मेहता, श्रीमती खिलेश्वरी किरण, दिलीप नाग, राजकुमार साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत माला, हीरालाल साहू, द्वारिका साहू, भुनेश्वर साहू, प्रकाश पटेल, किशोर कुंभकार, देवेंद्र साहू, ऐमन साहू, भारत साहू, श्रीमती कविता साहू, श्रीमती गिरिजा साहू, श्रीमती सोहद्रा कोरिया, श्रीमती गीतेश्वरी साहू, श्रीमती चंद्रिका साहू, श्रीमती लक्ष्मी साहू प्रांतीय जिला संगठन, कौशल साहू, शेखन लाल साहू उपस्थित थे।

### नारायण देव मंदिर के दानदाता डॉ. मेश्राम का हुआ सम्मान



**धमतरी।** छग महार-महार समाज पंजीकृत शाखा द्वारा देवस्थल कौही में 23 व 24 दिसंबर को समाज के कुलदेवता नारायण देव के मंदिर में धूमधाम से भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मंदिर निर्माण में सहयोग करने वाले सभी दानदाताओं का कार्यक्रम में सम्मान किया गया। वहीं जो दानदाता कार्यक्रम स्थल नहीं पहुंच पाए उनका समाज के पदाधिकारी उनके घर जाकर स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र प अंगवस्त्र भेंटकर सम्मान कर रहे हैं। इसी कड़ी में गुरूवार को धमतरी परगना के सोरिदनगर काली मंदिर के पीछे निवासरत डॉ. रामचंद्र मेश्राम का समाजजनों ने घर जाकर सम्मान किया। ज्ञात हो कि डॉ. मेश्राम ने मंदिर निर्माण के लिए 51 हजार रूपए दान किया है। इस अवसर पर छग महार-महार समाज के संरक्षक चंद्रभान मेश्राम, धमतरी परगना अध्यक्ष श्रवण मेश्राम, संदेशवाहक रामेश्वर सिसोदिया, मिलाप मेश्राम, भावेन्द्र अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, रेवाराम रायपुरिया आदि उपस्थित थे।

## विधायक चंद्राकर की आभार रैली में उमड़ा जनसैलाब

# भले ही मेरी योग्यता में कमी हो पर मेरे प्रयास में कमी नहीं रहेगी : अजय

विभिन्न संघ, संगठन एवं समाज ने विधायक का किया जोशीला स्वागत







### स्वागत जिम्मेदारी बढ़ने का संदेश देता है

श्री चंद्राकर ने जगह-जगह हुए स्वागत से अभिभूत होकर कहा कि स्वागत हमेशा जिम्मेदारी बढ़ने का संदेश देता है । हर जनप्रतिनिधि को चाहिये कि वे जनता के प्रति आग्रही होकर अपनी जिम्मेदारी पूरी करें। उन्होंने विधायक चुनाव में अपने प्रतिद्वंद्वी रहे प्रत्याशी का नाम लिए बगैर उनसे मिलकर कुरूद के विकास को लेकर कोई सकारात्मक घोषणा होगी तो उसे भी पूरा करने की बात कही। आगे कहा कि 22 जनवरी राम मंदिर निर्माण का महत्व 15 अगस्त से कम नहीं है। यह हिंदुस्तान के इतिहास में सबसे सबसे बड़ा दिन है। इस दिन सभी को बीजेपी कार्यालय में आकर उत्साह मनाने का न्योता दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

भले ही मेरी योग्यता में कमी हो पर कुरूद के विकास को लेकर मेरे प्रयास में कभी कमी नहीं होगी क्योंकि विकास मेरी राजनीति से ऊपर है। आप सबने जनादेश देकर पांचवीं बार मुझे विधायक चुना है। उसके लिए पूरी जनता का चरण वंदन करता हूं। उक्त बातें नवनिर्वाचित कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने आभार रैली पश्चात आम जनता को संबोधित करते हुए पुराना बाजार चौक कुरूद में कही।

शुक्रवार को दोपहर ढाई बजे विधायक निर्वाचित होने के बाद पहली बार कुरुद पहुंचने पर नगर एवं क्षेत्रवासियों ने पूर्व मंत्री अजय चन्द्राकर का जोरदार स्वागत किया। महाराष्ट्र का मशहूर महिला ढोल, सरगुजा जशपुर का पारम्परिक नृत्य पार्टी, बस्तर डांस, राऊत एवं पंथी नृत्य, डीजे ग्रुप के कलाकारों की अगुवाई में निकली रैली में नाचते गाते समर्थक आगे आगे चल रहे थे। रथनुमा खुले वाहन में सवार होकर विधायक अजय चन्द्राकर हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। बस स्टैंड से पुराना बाजार तक कई जगह विभिन्न संघ, संगठन एवं समाज ने मंच बनाकर विधायक का स्वागत किया। करीब आधा किलोमीटर का फासला तय करने में विधायक के काफिले को तीन घंटे से अधिक का समय लग गया। क्षेत्रवासियों में उमड़े प्रेम का भाव देखकर श्री चन्द्राकर काफी अभिभूत नजर आए।

इस अवसर पर पिंकी शाह, निरंजन सिन्हा, मालक राम साहू, दयाराम साहू, रविकांत चंद्राकर, ज्योति चंद्राकर, भानु चंद्राकर, टिकेश साहू, भूपेंद्र चंद्राकर, हरिशंकर सोनवानी, झागेश्वर ध्रुव, भीमदेव साहू, आनंद यदु, चोवाराम साहू, जागृति साहू, टिकेश साहू, आनंद गांधी, गौकरण साहू, अनुराग चंद्राकर, सत्यप्रकाश सिन्हा, अनिल चंद्राकर, सुनील अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, राजेश पवार, पंकज नायडू, नरेश अग्रवाल, जितेंद्र चंद्राकर, मनीष अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, विक्रम बंजारे, कृष्णकांत साहू, सिंधु बैस, सविता गंजीर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, व्यापारी, राइस मिलर्स उपस्थित थे।

### कुरूद को अब अगले चरण के नेतृत्व के लिए तैयार करना है

आम जनता को संबोधित करते हुए विधायक चंद्राकर ने कहा कि किसी भी विकास कार्यों को गति देने जन-बल का बड़ा महत्व होता है लेकिन क्षेत्र में इतने विकास कार्यों के बाद लोग सड़ी-गली राजनीति करने वाले, जो अब तक सकारात्मक राजनीति क्या होती है जानते तक नहीं, के प्रभाव में आ जाते है, यह चिंतन करने का है। जबकि मैं निवर्तमान सरकार के कार्यों में पारदर्शिता लाने हमेशा कुरुद की आवाज बना। यहां मैंने अनेक जगह विकास कार्य की नींव रखी, पूरा भी किया। लेकिन नगर सहित क्षेत्र में राजनीति करने वाले वे लोग अपनी सरकार के पास कितना ढोल बजाये बता नहीं पाएंगे। अजय ने कहा कि आज कुरूद में बड़ी मूलभूत समस्याएं नहीं है। यहां कुरूद को आगे ले जाने, अगले चरण के नेतृत्व के लिए तैयार करना है। चुनाव मुद्दों का होना चाहिए।

### केबिनेट मंत्री राजवाड़े को मां विंध्यवासिनी की चुनरी भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ की भटगांव विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक लक्ष्मी राजवाड़े के कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग बनने पर सर्किट हाउस रायपुर में धमतरी के समाजसेवी प्रीतपाल छाबड़ा ने उनसे मुलाकात कर मां विंध्यवासिनी का आशीर्वाद स्वरुप चुनरी भेंट की।



### एक्सग्रेशिया के रूप में दिया जायेगा सुरक्षा बीमा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भारत सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के ऐसे श्रमिक जिनका ई-श्रम पोर्टल में 31 मार्च 2022 तक पंजीयन हुआ है तथा जिनकी मृत्यु अथवा अपंगता किसी दुर्घटना के दौरान 31 मार्च 2022 तक हुई है, को सुरक्षा बीमा का लाभ एक्सग्रेशिया के रूप में देने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत दुर्घटना में मृत्यु अथवा दोनों आंखों, दोनों हाथ अथवा पैरों की पूर्ण रूप से अपूरणीय क्षति, एक हाथ और एक पैर तथा एक आंख और एक हाथ अथवा एक पैर की पूर्ण रूप से अपूरणीय क्षति होने पर 2 लाख रूपये प्रदान किया जाता है। इसके अलावा पूर्ण रूप से एक आंख की अपूरणीय क्षति और पूर्ण रूप से एक हाथ अथवा एक पैर की अपूरणीय क्षति होने पर एक लाख रूपये दिया जाता है। श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र ने बताया कि 31 मार्च 2022 के पूर्व पंजीकृत हितग्राहियों की उक्तानुसार दुर्घटना हुई हो तो श्रम विभाग में जाकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## आरएसएस का प्राथमिक शिक्षा वर्ग 31 दिसंबर तक

# विविधता में एकता भारतीय संस्कृति की पहचान : प्रेमशंकर सिदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्राथमिक शिक्षा वर्ग 23 दिसंबर से आमातालाब गौरवपथ रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में 31 दिसंबर तक आयोजित है। इस प्रशिक्षण वर्ग में धमतरी जिले के कोने -कोने से लगभग 150 युवा स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। यहां नए स्वयंसेवक संघ की मूल विचारधारा और कार्यप्रणाली से परिचय प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही दिनभर शारीरिक व अन्य गतिविधयों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। प्रत्येक दिवस संघ के वरिष्ठजनों का युवाओं को बौद्धिक व मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है।

प्राथमिक शिक्षा वर्ग के तृतीय दिवस मंगलवार को बौद्धिक सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक प्रेमशंकर सिदार पहुंचे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत एक प्राचीन व हिन्दू राष्ट्र है। दुनिया में अपना धर्मग्रंथ है जिनमें ऋग्वेद सबसे प्राचीन ग्रंथ है। यहां की संस्कृति व परंपरा प्राचीन है। विदेशी आक्रमणकारियों ने हमारी संस्कृति और परंपरा को नष्ट करने की कोशिश की जिसमें वे सफल नहीं हो पाए। अंग्रेजी शासन ने फूट डालो और राज करो की नीति अपनाई लेकिन भारत की एकता बनी रही। देश की मूल संस्कृति में झांकेंगे तो यही मिलेगा कि लोग अपनी संस्कृति और परंपरा में कायम है। मूल संस्कार भारत का एक ही है। भारतीय अपने अतिथि को भगवान मानते हैं। अतिथि आने पर भारतीय अपना पुण्योदय मानते हैं। भारत की परिवार व्यवस्था विश्व में सर्वश्रेष्ठ है। घर की परिवार व्यवस्था समाज का लघु रूप है। भारत का गांव जाति से नहीं रिश्तों से चलता है। गांवों में बड़े बुजुर्गों को आदर्शसूचक संबोधन दिया जाता है। यहां सम्मान देने की परंपरा प्राचीन है।

श्री सिदार ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत हिन्दुत्व पर आधारित देश है। हमने किसी पर अत्याचार या आक्रमण नहीं किया। सबको स्वीकार किया है। यही हमारी संस्कृति का मूल आधार है। यही कारण भारत विश्व में सर्वोपरि है। भारत भूमि देवी देवताओं द्वारा निर्मित देश है। हमें गर्व होना चाहिए कि हमने भारत भूमि पर जन्म लिया है। इस देश को वैभव के उच्च शिखर पर ले जाने हम सभी राष्ट्रहित में कार्य करें।

सशिमं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जारी संघ के प्राथमिक प्रशिक्षण वर्ग में शुक्रवार को सुबह 4 बजे से प्रशिक्षणार्थी उठ गए थे। सुबह उठकर नित्यकर्म से निवृत्त होकर स्कूल के मैदान में संपत्त हुए। इसके बाद 150 छात्रों को अलग-अलग गुट में बांटकर उन्हें योग, प्राणायाम, आसन, दण्ड चालन और खेल खिलाए गए। 4 से 5 घंटे शारीरिक अभ्यास और प्रार्थना पश्चात छात्र प्रशिक्षणार्थियों को अल्पाहार दिया गया। इसके बाद सभी अपने -अपने कक्ष में चले गए और स्नान ध्यान में व्यस्त हो गए। तत्पश्चात दिन भर उनका प्रशिक्षण वर्ग चलता रहा।





### नगर के स्वयंसेवकों ने अपने घरों से प्रशिक्षणार्थियों को बिठाकर भोजन कराया

प्राथमिक प्रशिक्षण वर्ग में शुक्रवार की रात्रि प्रशिक्षणार्थियों के लिए भोजन नहीं बना। तय नियम के अनुसार धमतरी नगर के सभी पुराने स्वयंसेवकों से आग्रह किया गया था कि अपने अपने घरों से दो लोगों के लिए भोजन बनाकर लाएं। इस तरह नगर के वरिष्ठ स्वयंसेवक अपने घरों से दाल-चावल, रोटी व सब्जी बनाकर प्रशिक्षण स्थल पहुंचे। प्रशिक्षणार्थियों को समूह में बिठाकर नगर के स्वयंसेवकों के घरों से लाया गया भोजन खिलाया गया। इस विषय पर वर्ग के वरिष्ठजनों का कहना है कि इसका एकमात्र उद्देश्य समाज में समरसता और प्रेम की भावना फैलानी है ताकि प्रत्येक हिन्दू सनातनी जाति, धर्म के बंधन को छोड़कर एक दूसरे को मां भारती के पुत्र, बंधु भाव व परिवार की तरह माने।

### रबी फसल के लिए बीमा की अंतिम तिथि 31 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले में रबी वर्ष 2023-24 की अधिसूचित फसल के लिए बीमा का कार्य प्रगति पर है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी फसलों की बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर है। उप संचालक, कृषि ने किसानों से अपील की है कि रबी वर्ष 2023-24 में फसलों की बीमा के लिये केवल 2 दिन बचे हैं, किसान अधिक से अधिक फसलों का बीमा करायें, जिससे प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति प्राप्त हो

### वॉक इन इंटरव्यू 3 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले में संचालित नगरी विकासखण्ड के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए अस्थायी रूप से निश्चित मानदेय पर अध्यापन कार्य के लिये अतिथि शिक्षकों भर्ती की जानी है। इसके लिये प्रतिकाल खंडवार वॉक इन इंटरव्यू 3 जनवरी को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जायेगा। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि इस संबंध में विस्तृत विवरण के लिये विभाग की वेबसाईट एकलव्य डाट सीजी डाट नीक डाट इन अथवा जिले की वेबसाईट धमतरी डाट जीओवी डाट इन का अवलोकन किया जा सकता है। अभ्यर्थियों को अपने साथ मूल दस्तावेज एवं सभी दस्तावेजों की छायाप्रति लाना होगा।













